देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 89 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...वैक्सीन के लिए दबाव न बनाए



देहरादून, रविवार, 4 जुलाई 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 24.0°

41243.40

2 अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए

7 पृथ्वी को इंग्लैंड में चाहती है टीम इंडिया

# पुष्कर सिंह धामी होंगे नए सीएम

संवाददाता

देहरादून। पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के 11 वें मुख्यमंत्री होंगे। प्रदेश मुख्यालय में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में धामी को नया नेता चुना गया। धामी, तीरथ सिंह रावत का स्थान लेंगे। वह ऊधमसिंह नगर जिले की खटीमा सीट से लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं। वह उत्तराखंड में अब तक के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बनेंगे। आज राजभवन में नए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शपथ ग्रहण होगा।

शनिवार दोपहर तीन बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में पुष्कर सिंह धामी के नाम पर मुहर लगी। धामी के नाम पर रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में विधायक दल की बैठक के लिए विधायक और पार्टी नेता दोपहर

## 45 साल के पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री होंगे

आज होगा नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

**संक्षिप्त परिचयः**

- विधान सभा का नामः 70, विधान सभा क्षेत्र, खटीमा
- माता का नामः विश्ना देवी
- पत्नी का नामः गीता धामी
- शैक्षिक योग्यताः स्नातकोत्तर
- व्यावसायिक – मानव संसाधन प्रबंधन और औद्योगिक संबंध के मास्टर
- जन्म तिथिः 16.09.1975
- राजनितिक दल का नामः भारतीय जनता पार्टी

12 बजे से ही जुटना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं का जमावड़ा भी प्रदेश कार्यालय में दिखा। नए मुख्यमंत्री को लेकर समर्थक अपने नेताओं के नाम के कयास लगा रहे थे। लगभग पौने तीन बजे

### एक आम कार्यकर्ता को राज्य की सेवा के लिए किया नियुक्तः धामी

पार्टी ने पिथौरागढ़ में पैदा हुए एक भूतपूर्व सैनिक के बेटे एक आम कार्यकर्ता को राज्य की सेवा के लिए नियुक्त किया है। हम लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करेंगे। हम कम समय में दूसरों की मदद से लोगों की सेवा करने की चुनौती स्वीकार करते हैं। वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से वह न केवल हर चुनौती को पार करेंगे बल्कि अपने पूर्ववर्तियों द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की सेवा है जिसके लिए वह पूरे मन से काम करेंगे।



केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय मंत्री एनएस तोमर, राष्ट्रीय महासचिव डी पुरंदेश्वरी के साथ प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान विधायकों व सांसदों का भाजपा मुख्यालय पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मुख्यालय के भीतर केवल विधायकों व पदाधिकारियों को ही प्रवेश दिया जा रहा था।

**2017 चुनाव के बाद बीजेपी ने दिया तीसरा मुख्यमंत्रीः** राजधानी देहरादून में विधायक दल की बैठक खत्म हो गई। इसके साथ ही उत्तराखंड को 2017 विधानसभा चुनाव के बाद तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी के रूप में नया चेहरा देखने को मिला है। साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत लेकर आई भारतीय जनता पार्टी 5 साल में राज्य को तीसरा मुख्यमंत्री दिया है। वैसे तो इस रेस में कई नाम थे, लेकिन सबको चौंकाते हुए बीजेपी आलाकमान ने पुष्कर सिंह धामी के नाम पर मुहर लगा कर सबको हैरान कर दिया है। गौरतलब है कि तीरथ सिंह रावत को चार महीने के अंदर ही मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़नी पड़ी।

### हमें एक युवा नेता मिला हैः अजय भट्ट



भाजपा सांसद अजय भट्ट ने पुष्कर सिंह धामी के विधायक दल के नेता के रूप में चुने जाने के बाद कहा कि हम इस फैसले से खुश हैं। हमें एक युवा नेता मिला है। बेहतर अंतर से 2022 विधानसभा चुनाव जीतेंगे। इससे पहले जारी एक बयान में उन्होंने कहा था कि चुनाव को लेकर भाजपा लोगों की सुरक्षा और बेहतरी से समझौता नहीं करती, पहले राष्ट्र, फिर पार्टी और अंत में हम ही हमारा आदर्श वाक्य है। हम कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीतेंगे, मतगणना के दौरान उन्हें जवाब मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आइटी मंत्री ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों की सराहना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी मंत्री) रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को गूगल, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्रमुख इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों की सराहना की है। इन इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मो ने नए आईटी नियमों के अनुसार आपत्तिजनक पोस्ट को स्वैच्छिक रूप से हटाने पर अपनी पहली अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित की है। जिसे केंद्रीय मंत्री ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म को पारदर्शिता की ओर एक बड़ा कदम बताया है।

### 75 में से 65 जिलों में बीजेपी का परचम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 से पहले जिला पंचायत का चुनाव काफी अहम माना जा रहा है। शनिवार को वोटिंग के बाद 75 जिलों के परिणाम आ चुके हैं। इनमें 65 सीटों पर कब्जा जमाकर बीजेपी ने अपना परचम लहरा दिया है। समाजवादी पार्टी को मात्र 6 सीटों से संतोष करना पड़ा है।

## 'सत्ता की बंदरबांट' करने और खिलौनों की तरह बदल रहे सीएम

### राजनीतिक अस्थिरता के लिए मोदी और नड्डा जिम्मेदारः कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद से तीरथ सिंह रावत के इस्तीफे के बाद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'सत्ता की बंदरबांट' करने और "खिलौनों की तरह मुख्यमंत्री बदलने" का आरोप लगाया और यह दावा किया कि इस राजनीतिक अस्थिरता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जिम्मेदार हैं। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि अब उत्तराखंड की जनता चुनाव का इंतजार कर रही है ताकि वह स्थिर और प्रगतिशील सरकार के लिए कांग्रेस को मौका दे सके।

सुरजेवाला ने संवाददाताओं से दावा किया, "राज्य के लोगों ने पूर्ण बहुमत देकर भाजपा को सरकार बनाने का मौका दिया, लेकिन भाजपा ने सिर्फ सत्ता की

#### एक नेता और पूर्व मुख्यमंत्री होने के लिए चयनित होगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उत्तराखंड की जनता का अपमान किया है और राज्य को राजनीतिक अस्थिरता में झोंक दिया है। रावत ने कहा, "भाजपा का हाईझामा उत्तराखंड की जनता का अपमान है। यह 2017 में सत्ता में आए थे। प्रधानमंत्री जी ने डबल इंजन की सरकार देने का वादा किया था। लेकिन उत्तराखंड के हिस्से दो पूर्व मुख्यमंत्री जुड़ गए और आज एक नेता और पूर्व मुख्यमंत्री होने के लिए चयनित होगा।"

मलाई बांटने और सत्ता की बंदरबाट करने का काम किया। भाजपा के लिए यह अवसर सत्ता की मलाई चखने का अवसर बन गया।" उन्होंने दिल्ली, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में अतीत की भाजपा सरकारों में कई मुख्यमंत्रियों को बदले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, "भाजपा का एक ही कार्यकाल में मुख्यमंत्री बदलने का इतिहास है। भाजपा खिलौनों की तरह मुख्यमंत्री बदलती है। यही उत्तराखंड में हो रहा है।"

सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि इस स्थिति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा जिम्मेदार हैं। वे और इस बार भी तीसरा मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी में हैं। हम तो कहेंगे कि अगले छह महीनों में दो–तीन और बदल दीजिए ताकि देश में सबसे ज्यादा मुख्यमंत्री बदलने का रिकॉर्ड बन जाए।"

## 97 दिनों बाद 5 लाख से नीचे आए सक्रिय मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना महामारी की रफ्तार लगातार धीमी हो रही है। हर रोज देशभर में कोरोना के मामलों में गिरावट आ रही है। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 44 हजार नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 44,111 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 738 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हुई है।

इसके साथ ही देश में कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। देश में शुक्रवार को कोरोना से 57477 मरीज ठीक हुए। इसको मिलाकर देश में कोरोना से ठीक हुए मरीजों का आंकड़ा 2,96,5,779 हो गया है। भारत की कोरोना रिकवरी दर फिलहाल 97.06 प्रतिशत है। इसके साथ ही देश में एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में बीते 24 घंटों में 14,104 की कमी आई। अब एक्टिव केस का आंकड़ा 5 लाख से कम होकर 4,95,533 है। देश में 97 दिनों बाद कोरोना के सक्रिय मामले 5 लाख से नीचे आए हैं। देश में अभी कोरोना से मौत का आंकड़ा 81 दिन में सबसे कम है।

### राहत

- 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 44,111 नए मामले

#### 10 राज्यों में लॉकडाउन जैसी पाबंदियां

देश के 10 राज्यों में पूर्ण लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, मिजोरम, गोवा और पुडुचेरी शामिल हैं। यहां पिछले लॉकडाउन जैसे ही कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं।

**21 राज्यों में आंशिक लॉकडाउनः** 21 राज्यों में में आंशिक लॉकडाउन है। यहां पाबंदियां के साथ छूट भी है।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## कोरोना वायरस का डेल्टा वेरिएंट बहुत खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुखिया ने चेतावनी दी

जिनेवा। भारत में पहली बार मिले कोरोना वायरस के डेल्टा वेरिएंट को लेकर डब्ल्यूएचओ के मुखिया ने चेतावनी दी है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदहानोम गेब्रेयेसस ने आगाह किया कि दुनिया कोविड–19 महामारी के बेहद 'खतरनाक दौर' में है जिसके डेल्टा जैसे स्वरूप अधिक संक्रामक हैं और वक्त के साथ लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन देशों की कम आबादी को टीके लगे हैं वहां अस्पतालों में फिर से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

टेड्रोस ने कहा, 'डेल्टा जैसे स्वरूप अधिक संक्रामक है और कई देशों में यह फैल रहा है। इसी के साथ ही हम इस महामारी के बहुत खतरनाक दौर में हैं।' गेब्रेयसस ने कहा, 'कोई भी देश अभी तक खतरे से बाहर नहीं है। डेल्टा स्वरूप खतरनाक है और यह वक्त के साथ और बदल रहा है जिस पर लगातार नजर रखने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि डेल्टा स्वरूप कम से कम 98 देशों में पाया गया है और उन देशों में तेजी से फैल रहा है जहां कम और ज्यादा टीकाकरण हुआ है।